**MAY 2022** **U/ID 30680/ULE3A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में हों।

1. कबीर गोविंद से गुरू को महान् क्यों कहते हैं?

2. 'पाहन पूजूँ तो हरि मिलैं, तो मैं पूजूँ पहार' — के द्वारा कबीर क्या संदेश देना चाहते हैं?

3. सूरदास के भ्रमरगीत पदों का संदेश क्या है?

4. श्रीराम से तुलसीदास ने क्या प्रार्थना की?

5. श्रीकृष्ण से मीरा की अंतिम विनती क्या थी?

6. राणा के मीरा को मारने के प्रयत्न क्यों विफल रहें?

7. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन और उनके नामों को बताइए।

8. वीरगाथा काल की सामाजिक परिस्थितियाँ कैसी थी?

9. प्रेम मार्गी शाखा के प्रमुख कवि और उनकी रचनाओं को बताइए।

10. विनय भक्ति से क्या तात्पर्य है?

11. रीतिकाल को वह नाम क्यों पड़ा?

12. षड्ऋतु वर्णन किसे कहते हैं?

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

13. साई इतना दीजिए, जामें कुटुम्ब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधू भूखा न जाय।।

14. तब ये लता लागति अति सीतल, अब भई विषय ज्वाल की पुँजै।।
वृथा बहति जमुना खग बोलत, वृथा कमल फूलै अलि गुँजै।
पवन पानि घनसार संजीवनि दधिसुत किरन भानु भई भुँजै।।
ए ऊधो, कहियो माधव सो बिरह कदन करि मारत लुँजै।।

15. देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिए।
सून्य भीत पर चित्र, रंग नहिं, तनु बिनु लिखा चितेरे।।
धोये मिटै न मरै भीति–दुख, पाइय यहि तनु हेरे।
दिनंकरनीर बसै अति दान मकर रूप तेहि माहिं।।

16. साज सिंगार बाँधी पग घुंघुरू, लोक लात ताजि नाची।
गई कुमति लई साधु की संगति भगत रूप भई साँची।
गाय-गाय हरि के गुण निसि दिन काल-व्याल सूँ बाँची।
मन बिन लब जग खारो लागत, और बात सब कोई।।

17. मेरी भव बाधा हरौ राध नागरि सोइ।
जा तन की झाई परे स्यामु हरित-दुति होइ।।

18. कनक-कनक तैं सौ गुनी मादकता आधिकाय।
उहिं खाए बौराइ जगु इहिं पायें बौराइ।।

19. बाह्य शुद्धता देह को देता ही है तोय।
अंतःकरण विशुद्धता प्रकट रूप सत्य से जों।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. पठित दोहों के आधार कबीर के समाज सुधारवादी विचारों पर प्रकाश डालिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

21. तुलसीदास के "विनय के पद" का सारांश लिखिए।

22. प्रेम मार्गी शाखा की साहित्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। $(1 \times 10 = 10)$

अथवा

23. रीतिकाल की परिस्थितियों पर चर्चा कीजिए।

24. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 5 = 10)$

(a) विद्यापति

(b) सूरदास

(c) तुलसीदास

(d) घनानंद।